पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-डी.एल. (एन.) 05/0084/09-11

इस अंक का मूल्य 2 रुपये



॥ ओ३म् ॥

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**251 कुण्डीय यज्ञ व आर्य महासम्मेलन की तैयारी हेतु**

**आर्य कार्यकर्त्ता बैठक**

**रविवार, 27 नवम्बर 2011**
**सांय 4 बजे**

स्थान : आर्य समाज, सूर्य निकेतन विकास मार्ग, दिल्ली-110092

आप सादर आमन्त्रित हैं

**-यशोवीर आर्य**, संयोजक
मो. 9312223472

वर्ष-28 अंक-12 मार्गशीर्ष-2068 दयानन्दाब्द 188 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2011 (द्वितीय अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

E-mail : aryayouth@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## पलवल में आर्य समाज जवाहर नगर का वार्षिकोत्सव सौल्लास सम्पन्न

### अमर ग्रन्थ "सत्यार्थ प्रकाश" में परिवर्तन करने का किसी को कोई अधिकार नहीं

**–आर्य नेता डा. अनिल आर्य का आह्वान**






**आर्य समाज, जवाहर नगर, पलवल के 56 वें वार्षिकोत्सव पर परिषद अध्यक्ष डा. अनिल आर्य व महामन्त्री श्री महेन्द्र भाई का अभिनन्दन करते प्रधान प्रो. जयप्रकाश आर्य व श्री सतीश आर्य। द्वितीय चित्र में हरियाणा बाक्सिंग में प्रथम आई कु. रोहिणी कौशिक का अभिनन्दन करते डा. अनिल आर्य साथ में पिता श्री प्रेम प्रकाश, प्रो. जयप्रकाश आर्य, सतीश आर्य आदि।**


रविवार, 6 नवम्बर 2011, आर्य समाज, जवाहर नगर, पलवल (हरियाणा) का 56 वां वार्षिकोत्सव दिनांक 3 नवम्बर से 6 नवम्बर तक सौल्लास सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अनिल आर्य ने कहा कि आजकल आर्य जगत् में कुछ विद्वानों द्वारा महर्षि दयानन्द के अमर ग्रन्थ "सत्यार्थ प्रकाश" में संशोधन व परिवर्तन की चर्चायें जोर शोर से चल रही है। यह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। किसी भी लेखक की मृत्यु के पश्चात् किसी को भी उसकी मूल कृति में संशोधन करने का कोई अधिकार नहीं होता, फिर महर्षि तो महर्षि थे ही। इस कृत्य का समस्त ऋषि भक्तों को कड़ा विरोध करना चाहिए।

डा. आर्य ने कहा कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, उसकी रक्षा के लिए सेना को खुली छूट देना आवश्यक है, उसके अधिकारों में कटौती करने की बात बेमानी है। उन्होंने प्रस्तावित सामूहिक साम्प्रदायिकता विरोधी अधिनियम को राष्ट्र विरोधी कदम बताते हुए रद्द करने की मांग की। परिषद् अध्यक्ष डा. आर्य ने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 300 रामायणा नामक पुस्तक के विवादित अंश पाठयक्रम से निकालने का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम राम करोड़ों हिन्दूओं के पूज्य हैं उनके बारे में अपमान जनक टिप्पणियां सहन नहीं की जायेगी। समय की मांग है कि आज नहीं तो कल हिन्दू समाज को प्रत्युत्तर देने के लिए संगठित होना पड़ेगा। स्वामी आर्यवेश जी, स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती, आचार्य स्वामी सोमानन्द जी के प्रवचन हुए। समारोह का संचालन प्रो. जयप्रकाश आर्य ने किया।

डा. आर्य ने पलवल, गुड़गांव, ग्रेटर कैलाश सन्देश विहार, पंचदीप, अमर कालोनी, सैनिक फार्मस आदि अनेकों कार्यक्रमों में हजारों आर्यजनों को सम्बोधित किया।

## गुड़गांव आर्य समाज राम नगर का 8 वां वार्षिकोत्सव सौल्लास सम्पन्न





शुक्रवार, 11 नवम्बर 2011, आर्य केन्द्रीय सभा, गुड़गांव के तत्वाधान में आर्य समाज, रामनगर, गुड़गांव का 8 वां वार्षिकोत्सव सौल्लास सम्पन्न हुआ। परिषद् अध्यक्ष डा. अनिल आर्य ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। चित्र में बायें से मुख्य अतिथि श्रीमती सुशीला कपूर, मा. सोमनाथ आर्य (प्रधान, केन्द्रीय सभा), डा. अनिल आर्य, आचार्य डा. वेदपाल जी, श्री ओमप्रकाश आर्य (श्रद्धानंद पुरम), द्वितीय चित्र में क्रमशः डा. अनिल आर्य एवं श्री ओमवीर सिंह आर्य का स्वागत करते प्रधान श्री ओमप्रकाश चुटानी। समारोह को सफल बनाने में महाशय रामचन्द्र आर्य, जवाहर लाल मनचन्दा, ईश्वर लाल कुमार, दयावन्ती आहूजा, सरोज मोंगिया, मा. नत्थूराम मनचन्दा, प्रभुदयाल चुटानी, रजनी साहनी (पार्षद), दलीप साहनी, शान्तिलाल बजाज, जगन्नाथ आहूजा, आचार्य अरविन्द का विशेष योगदान रहा। प. नरदेव आचार्य व सतीश सत्यम के मधुर भजन हुए। छात्र-छात्राओं की भाषण प्रतियोगिता व समूहगान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

17 नवम्बर जिनकी पुण्य तिथि है

# पंजाब केसरी लाला लाजपतराय

–वेद प्रकाश सिंह, न्यूयार्क

मानव मन की श्रद्धा अपने सम्पूर्ण रूप में जहाँ समर्पित हो जाती है और जिसे व्यक्ति अपने जीवन में सर्वोच्च सम्मान प्रदान करता है वह है मातृशक्ति। इसीलिए विश्व में प्रभु प्रदत्त शाश्वत ज्ञान अर्थात् वेद में भूमि को मातृवद वन्दनीय स्थान दिया गया है और उद्घोष हुआ माता भूमि पुत्रोऽहम्। इसी श्रद्धा और आस्था की अभिव्यक्ति भारत के महान स्वातन्त्र्य सेनानी ने आर्य समाज के प्रति उस समय की थी, जब उसने यह घोषणा की थी "आर्य समाज मेरी माता है।" वह महान पुरुष थे पंजाब केसरी लाला लाजपतराय।

इस महामानव का जन्म हुआ था, 28 जनवरी, 1865 को वीर प्रसविनी पंचनद (पंजाब) धरा के जिला फिरोजपुर के दुढिके नामक ग्राम में अपने नाना श्री हुकमसिंह के घर। जो जिला लुधियाना के जगरावाँ ग्राम के निवासी थे। पिता जी अध्यापक थे। अत: उनके संरक्षण में लाजपतराय का विद्याध्ययन भी अनेक स्थानों पर हुआ। मात्र 13 वर्ष की आयु, किन्तु उन दिनों प्रचलित बाल विवाह की प्रथा के फलस्वरूप लाजपतराय भी विवाह सूत्र में आबद्ध कर दिए गए। इसी वर्ष उन्होंने मिडिल की परीक्षा में सफलता अर्जित कर छात्रवृत्ति प्राप्ति का भी गौरव प्राप्त किया और दिल्ली के एक हाईस्कूल में पढ़ने के लिए भेज दिए गए। किन्तु सहसा ही पिताजी की रुग्णता दिल्ली में आपके अध्ययन जारी रखने में बाधक बनकर खड़ी हो गई। परिणामत: आपको वहाँ से लौटकर अम्बाला और लुधियाना आदि में रहना पड़ा। किन्तु उच्च शिक्षा प्राप्ति की जो लगन इस मेधावी किशोर के हृदय में बस गई थी। उसी ने आपको विपरीत स्थितियों में प्रेरणा प्रदान की और आपने नियमित अध्ययन जारी रखते हुए 1880 ई. में कलकत्ता और पंजाब विश्वविद्यालय की एन्ट्रेंस परिक्षाओं में ही सफलता प्राप्त कर ली और तदुपरान्त आप लाहौर के कॉलेज में प्रविष्ट हो गए। सन् 1882 में लाला लाजपतराय के जीवन में एक नवीन दिशा प्राप्त की और अपने सहपाठियों पंडित गुरुदत्त एवं श्री (महात्मा) हंसराज के साथ आर्य समाज के सक्रिय सदस्य बन गए। छात्रावास में भी वह एक प्रखर वक्ता थे। धाराप्रवाह, भाषण कला उनका एक महान गुण बनी और पंजाब के अनेक नगरों में स्थित आर्य समाजों में उनकी ओजस्वी वाणी गूँजने लगी। 1886 में लालाजी ने अपनी शिक्षा समाप्त करने के उपरान्त हिसार में वकालत आरम्भ कर दी। 1892 में हिसार को त्याग कर लाहौर को अपना कार्य क्षेत्र बना लिया क्योंकि तब पंजाब आर्य समाज की गतिविधियों का प्रमुख केन्द्र बिन्दु बन चुका था। लाला जी आर्य समाज के प्रति पूर्णता समर्पित हो चुके थे और महर्षि दयानन्द द्वारा स्वदेश एवं स्वधर्म की सेवा के लिए सुझाए गए पथ के अवलम्बन में ही आपने अपने जीवन की सफलता मान ली थी।

कुछ ही दिनों के उपरान्त आर्यसमाज के मंच पर भी एक नया मोड़ आ गया और वह था दो गुटों गुरुकुल और कालेज गुट का उद्भव। स्वामी श्रद्धानन्द गुरुकुल पक्ष के नेता थे तो महात्मा हंसराज ने कॉलेज दल को अपना कार्यक्षेत्र बनाया।

आर्यसमाज द्वारा किए गए जागृति शंखनाद में लाला लाजपतराय ने भी अपनी सम्पूर्ण शक्ति लगा दी। विधर्मियों में हिन्दू जाति की रक्षार्थ आपने और अनाथालय खोले तो धार्मिक आस्थाओं को बालकों में पुनर्जीवित करने के लिए अनेक विद्यालयों की भी स्थापना की। इसके अतिरिक्त मानवता और परोपकार की दिशा में भी आर्य समाज सक्रिय था। अतएव 1896 में जब बिहार का अकाल पड़ा तो लाला जी ने आर्य समाज की ओर से पीड़ितों की सहायतार्थ कार्य किया और तदुपरान्त राजस्थान के दुर्भिक्ष और काँगड़ा के भूकम्प से पीड़ितों की सेवा में भी आप अग्रगण्य रहे। जहाँ इन सामाजिक गतिविधियों में भी आपने खुलकर भाग लेना आरम्भ कर दिया था।

जब भारतभूमि को अपने षड्यन्त्रों का शिकार बनाकर इस शस्य श्यामला भूमि का शोषण करने हेतु ब्रिटिश राजसत्ता ने बंगाल के विभाजन की दुरभिसन्धि रची तो जहाँ बंगाल में श्री बिपिनचन्द्रपाल ने इस विभाजन के विरूद्ध अभियान आरम्भ किया वहाँ सरजा शिवाजी की चरणरज के पवित्र हुई महाराष्ट्र की धरा के लोकनायक लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने इस दुरभि-सन्धि के विरूद्ध विरोध का स्वर उभारा और उसी भाँति पंचनद की बलिदानी भूमि से विद्रोही स्वर उभरा लाला लाजपतराय का। इस आन्दोलन के दौरान लाल-बाल और पाल की यह त्रिमूर्ति समग्र देश के विश्वास और श्रद्धा का केन्द्र बन गई। इस त्रिमूर्ति ने कांग्रेस के आन्दोलन को भी एक नवीन दिशा प्रदान की। लोकमान्य तिलक और लाला लाजपतराय थे तो समकालीन किन्तु आर्य समाज के प्रभाव से पूर्ण स्वराज्य और उग्र राष्ट्रीयता एवं हिन्दुत्व पर निष्ठा की जो भावना लाला जी के हृदय में बद्धमूल हुई थी, उसे ही आपने लोकमान्य तिलक के चिन्तन और कार्यों में प्रस्फुटित होता पाया था। सूरत कांग्रेस के अवसर पर लोकमान्य ने लाला लाजपतराय का नाम अध्यक्ष पद के लिए भी प्रस्तुत किया था।


कुछ ही वर्ष के उपरान्त लाला लाजपतराय ने अपनी सम्पूर्ण सम्पदा राष्ट्र कार्य के लिए दान में समर्पित कर दी। उसी समय उन्होंने अपनी कोठी में दो संस्थाएं स्थापित कीं एक थी "सर्वेन्टस आफ पीपुल सोसाइटी" व दूसरी "तिलक स्कूल आफ पॉलिटिक्स"। तिलक जी को भी लालाजी पर अपार स्नेह था। (क्रमश:)

## जींद में आर्य महासम्मेलन 18 दिसम्बर को होगा

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् हरियाणा के तत्वाधान में रविवार 18 दिसम्बर 2011 को प्रात: 10.00 बजे से 2.00 बजे तक स्थान :- सुप्रीम सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, सफीदों रोड, जींद में "प्रान्तीय आर्य महासम्मेलन एवं प्रतिभा रत्न अवार्ड 2011" सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। सभी आर्य युवक, आर्यजन हजारों की संख्या में पहुंचे।

**मनोहर लाल चावला** – प्रान्तीय अध्यक्ष
**वीरेन्द्र योगाचार्य** – प्रान्तीय महामन्त्री
**श्री कृष्ण दहिया** – संयोजक

## आर्य समाज पंचदीप का 10 वां उत्सव सम्पन्न



शनिवार 12 नवम्बर 2011, आर्य समाज, पंचदीप, पीतमपुरा, दिल्ली का 10 वां वार्षिकोत्सव सौल्लास मनाया गया। श्री विकास तिवारी की वेद कथा व श्री विजय भूषण आर्य के भजन हुए। चित्र में श्री आकाश आर्य को सम्मानित करते बायें से आर्य नेता श्री दुर्गाप्रसाद कालरा, यशपाल आर्य, डा. अनिल आर्य, प्रधान आनन्द प्रकाश गुप्ता व मन्त्री यशपाल मित्तल। –सत्यदेव वेदलंकार

## आर्य समाज सरस्वती विहार में प्रतियोगिता

पूज्य माता कमला स्मारक ट्रस्ट के सौजन्य से रविवार, 8 जनवरी 2012 को प्रात: 9 बजे आर्य समाज सरस्वती विहार, दिल्ली में 'आर्य समाज के नियमों की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जुबानी सुनाओ सैकड़ों रुपये के इनाम पाओ। कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक के बच्चे भाग ले सकते हैं।

–ओमप्रकाश मनचन्दा, प्रधान, फोन न. 9313215811

## फरीदाबाद में वैदिक सत्संग 27 नवम्बर को

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् फरीदाबाद के तत्वाधान में रविवार 27 नवम्बर 2011 को दोपहर 2.30 से 5.00 बजे तक आर्य समाज, सैक्टर -15, फरीदाबाद में यज्ञ, भजन व प्रवचन का सुन्दर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आप सभी सादर आमन्त्रित है। –जितेन्द्र सिंह आर्य, प्रधान, विजय भूषण आर्य, मन्त्री

## आर्य समाज सन्देश विहार का उत्सव सम्पन्न



आर्य समाज सन्देश विहार दिल्ली का वार्षिकोत्सव दिनांक 11, 12, 13 नवम्बर 2011 को सौल्लास सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि डा. अनिल आर्य को स्मृति चिन्ह भेंट करते बाएं से श्री जगन्नाथ कपूर, श्री शशिभूषण मल्होत्रा (प्रधान), आचार्य सन्दीप जी, श्री दुर्गेश आर्य (मन्त्री) व प्रधाना श्रीमती सीमा कपूर।

## गुरुकुल कुरुक्षेत्र के गौरव ने शूटिंग में स्वर्ण पदक जीता

कुरुक्षेत्र 6 नवम्बर 2011 गुरूकुल कुरुक्षेत्र के गौरव कुमार ने 31 वीं नोर्थ जोन शूटिंग चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त कर गुरुकुल कुरुक्षेत्र परिसर में स्थित नवीन जिन्दल निशानेबाजी केन्द्र का नाम रोशन किया है। यह जानकारी देते हुए गुरुकुल के प्राचार्य डॉ. देवव्रत आचार्य ने बताया कि 31 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक तुगलकाबाद, नई दिल्ली में 31 वीं नार्थ जोन शूटिंग चैम्पियनशिप आयोजित की गई, जिसमें गुरुकुल के गौरव कुमार ने एयर राइफल यूथ मैन में 400 में से 379 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक पर कब्जा पर गुरुकुल व नवीन जिन्दल निशानेबाजी केन्द्र को गौरवान्वित किया है।

# कृष्णा महेश गायत्री संस्थान ने किया बाल दिवस व वैदिक सत्संग का भव्य आयोजन






रविवार, 13 नवम्बर 2011, कृष्णा महेश गायत्री संस्थान, नई दिल्ली के तत्वाधान में आर्य समाज वेद मन्दिर, सैनिक फार्म में बाल दिवस व वैदिक सत्संग का भव्य आयोजन किया गया।

चित्र में विजेता बच्चे को पुरस्कृत करते डा. अजय मेहता, डा. सुनील रहेजा, डा. अनिल आर्य, श्रीमती निर्मल रहेजा व श्रीमती अन्जली मेहता। द्वितीय चित्र में डा. वागीश आचार्य का स्वागत करते श्री नवीन रहेजा, योगराज अरोड़ा व संयोजक अनिल आर्य, तृतीय चित्र में श्रीमती निर्मल रहेजा को सम्मानित करते दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष डा. योगानन्द शास्त्री। समारोह के सफल बनाने में बीरेश रहेजा, सुरेश रहेजा, प्रवीन रहेजा, सन्जना राणा, इन्दू, आचार्य महावीर शास्त्री, प्रभा सेठी, चन्द्रभान सेतिया, अनिरूद्ध शास्त्री, रामचन्द्र आर्य, दिनेश आर्य का विशेष योगदान रहा। ऋषि लंगर का आनन्द लेकर सभी विदा हुए। निर्धन छात्रों को कम्बल वितरण किये गये। "मेरे जीवन का लक्ष्य" विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी सम्पन्न हुई।

# दक्षिण दिल्ली वेद प्रचार मण्डल ने महर्षि दयानन्द निर्वाण दिवस मनाया

रविवार, 6 नवम्बर 2011, दक्षिण दिल्ली वेद प्रचार मण्डल के तत्वाधान में महर्षि दयानन्द सरस्वती का निर्वाण दिवस आर्य समाज, अमर कालोनी, दिल्ली में सफलता पूर्वक मनाया गया।

चित्र में आर्य नेता श्री विद्यामित्र ठुकराल व श्रीमती कृष्णा ठुकराल का अभिनन्दन करते मण्डल के प्रधान श्री जितेन्द्र डावर, डा. अनिल आर्य, डा. जे.पी. गुप्ता, महामंत्री चतरसिंह नागर, महावीर सिंह आर्य, महेन्द्र भाई, स्वर्ण गम्भीर व माता प्रभा ग्रोवर, द्वितीय चित्र में डा. अनिल आर्य का भव्य अभिनन्दन करते महावीर सिंह आर्य, जितेन्द्र डावर, हरिचन्द आर्य व ओ.पी. जसूजा। प्रि. अर्चना पुष्करना के कुशल संयोजन में दयानन्द मॉडल स्कूल के बच्चों का सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम सफल रहा।

# आर्य समाज मोती नगर, दिल्ली की स्वर्ण जयन्ती सम्पन्न





आर्य समाज, मोती नगर, दिल्ली का स्वर्ण जयन्ती महोत्सव 6 नवम्बर से 13 नवम्बर 2011 तक धूमधाम से मनाया गया। चित्र में श्री नरेन्द्र सुमन व सुदेश आर्या भजन प्रस्तुत करते हुए, द्वितीय चित्र में डा. अनिल आर्य का स्वागत करते श्री कुलभूषण खुराना। समारोह की सफलता के लिए श्री अमरनाथ मेहन्दीरता, विशम्भर नाथ बत्रा, अनिल आर्य, प्रवीन वधवा, विश्वामित्र सक्सेना व भूषण लाल वर्मा बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर आचार्य राजू वैज्ञानिक की कथा व पं. नरेश निर्मल के भजन हुए।

## आर्य समाज लाजपत नगर का उत्सव सम्पन्न

आर्य समाज, लाजपत नगर, नई दिल्ली का 56 वां वार्षिकोत्सव 7 नवम्बर से 13 नवम्बर 2011 तक सौल्लास सम्पन्न हुआ। आचार्य श्री वेदप्रकाश श्रोत्रिय की वेद कथा व श्रीमती सुदेश आर्य के मधुर भजन हुए। श्री भूदेव शास्त्री, आचार्य चन्द्रशेखर शास्त्री के भी प्रवचन हुए। पं. मेघश्याम जी वेदालंकार यज्ञ के ब्रह्मा रहे। प्रधान श्री राजेश मेहन्दीरता ने आभार व्यक्त किया व संयोजन मन्त्री श्री सुरेन्द्र शास्त्री ने किया।

**–सोमनाथ कपूर, वरिष्ठ उपप्रधान**

## शोक समाचार

1. आर्य समाज अशोक नगर, दिल्ली के संरक्षक श्री वेदप्रकाश आर्य का गत दिनों निधन हो गया।
2. आर्य नेता शिक्षाविद प्रि. चन्द्रदेव आर्य (दिल्ली का) गत 5 नवम्बर 2011 को निधन हो गया।
3. आर्य समाज, कालका जी, नई दिल्ली के कर्मठ कार्यकर्त्ता श्री बलवन्त राय आर्य का गत् दिनों निधन हो गया।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् की दिवंगतों के निधन पर विनम्र श्रद्धाजंलि।

सम्पादकः **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मयंक प्रिंटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548504 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9910649696, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के 33वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में
## युवा विद्वान आचार्य अखिलेश्वर जी महाराज के ब्रह्मत्व में
## आर्य नेता डॉ. अशोक कुमार चौहान की अध्यक्षता में

# 251 कुण्डीय विराट् यज्ञ

आशीर्वाद : स्वामी सुमेधानन्द जी, स्वामी दिव्यानन्द जी, स्वामी प्रणवानन्द जी, स्वामी आर्यवेश जी

# अखिल भारतीय आर्य महासम्मेलन

**दिनांक : 27, 28, 29 जनवरी 2012** (शुक्रवार, शनिवार, रविवार)

**स्थान : रामलीला मैदान, जी.टी.बी. एनक्लेव, दिलशाद गार्डन, पूर्वी दिल्ली**

**विराट् शोभायात्रा : शुक्रवार 27 जनवरी, 2012, प्रातः 10.00 बजे**

शुभारम्भ : रामलीला मैदान, जी.टी.बी. एनक्लेव (निकट मेट्रो स्टेशन झिलमिल कालोनी) से प्रारम्भ होगी।

**मुख्य आकर्षण**

आर्य महिला सम्मेलन ● राष्ट्रीय कवि सम्मेलन ● शिक्षा-संस्कृति निर्माण सम्मेलन ● संगीत संध्या ● व्यायाम प्रदर्शन ● राष्ट्रीय आर्य महा सम्मेलन

**प्रातः से रात्रि निरन्तर तीनों दिन ऋषि लंगर की सुन्दर व्यवस्था**

1. बाहर से आने वाले आर्य बन्धु व आर्य युवक अपने पधारने की व संख्या के बारे में 31 दिसम्बर तक सूचित करने की कृपा करें जिससे भोजन व आवास आदि का उचित प्रबन्ध किया जा सके।
2. कृपया यजमान बनने के इच्छुक आर्य बन्धु, आर्य समाजें अपना यज्ञकुण्ड 31 दिसम्बर तक फोन न. 9899256058, 9810487559 पर आरक्षित करवा लें।

**अपील** : इस रचनात्मक विशाल कार्यक्रम में आपका तन, मन, धन से सहयोग अपेक्षित है। कृपया दानराशि क्रास चैक/ड्राफ्ट द्वारा 'केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् दिल्ली' के नाम से कार्यालय के पते पर भिजवायें। ऋषि-लंगर के लिए आटा, दाल, चावल, चीनी, घी, रिफाइंड, सब्जी आदि खाद्य सामग्री देकर पुण्य के भागी बनें।


-: निवेदक :-

**केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत), नई दिल्ली**

कार्यालय : आर्य समाज, कबीर बस्ती, पुरानी सब्जी मण्डी, दिल्ली-7

दूरभाष : 9810117464, 9013137070, 9868064422, 9810338600, ईमेल: aryayouth@gmail.com, visit us : www.aryayuvakparishad.com

## आर्य समाज ग्रेटर कैलाश-II, नई दिल्ली



रविवार, 6 नवम्बर 2011 को परिषद् अध्यक्ष डा. अनिल आर्य ने आर्य समाज, ग्रेटर कैलाश पार्ट-II नई दिल्ली में 251 कुण्डीय यज्ञ व आर्य महासम्मेलन को सफल बनाने की अपील की। साथ में आचार्य अजय जी। समाज के प्रधान श्री प्रियव्रत आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। **– सहदेव नागिया, मन्त्री**

## पलवल में चतुर्वेद पारायण यज्ञ होगा

वैदिक धर्म प्रचारिणी सभा के तत्वाधान में 11 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2011 तक डी.ए.वी. जूनियर विंग स्कूल, पलवल में चतुर्वेद पारायण महायज्ञ का भव्य आयोजन स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती के सानिध्य में किया जा रहा है। सभी धर्म प्रेमी बन्धु सादर आमन्त्रित हैं। **–चन्द्रपाल आर्य, महामन्त्री**

## आर्ष गुरूकुल भादस का निमन्त्रण

आर्ष गुरूकुल व गौशाला भादस (मेवात) हरियाणा) का उत्सव 26 व 27 नवम्बर 2011 को धूमधाम से मनाया जा रहा है। सभी आर्य जन हजारों की संख्या में पहुंचे व तन, मन, धन से सहयोग करें।**–स्वामी सोमानन्द आचार्य**, फोन न. 09050737353

## परिषद् की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न



रविवार, 6 नवम्बर 2011, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् की राष्ट्रीय कार्यकारिणी व अन्तरंग सभा की बैठक आर्य समाज कबीरबस्ती, दिल्ली में सौल्लास सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय अधिवेशन, संगीतसन्ध्या दिल्ली हाट की प्रस्तुति पर प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा 27, 28, 29 जनवरी 2012 को 251 कुण्डीय विराट यज्ञ व आर्य महासम्मेलन को सफल बनाने पर जोर दिया गया।

चित्र में बायें से श्री महेन्द्र भाई, कै. अशोक गुलाटी, डा. अनिल आर्य, श्यामलाल आर्य (बागेश्वर, उत्तराखण्ड) व श्री गोपाल दुर्गा (अमेरिका)।

## आर्य समाज कालकाजी, दिल्ली का उत्सव

आर्य समाज, कालकाजी, नई दिल्ली का 60 वां वार्षिकोत्सव 27 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2011 तक मनाया जा रहा है। सभी आर्यजन दर्शन देकर धर्मलाभ उठायें।

**रामचन्द कपूर, प्रधान** **रमेश गाडी, मन्त्री**

## आर्य नेता सुभाष सिंहल को बधाई

आर्य केन्द्रीय सभा, गाजियाबाद के प्रधान श्री सुभाष सिंहल के सुपुत्र चि. वर्चस्व व आयु. स्वाति का विवाह 14 नवम्बर 2011 को सौल्लास सम्पन्न हुआ। नव दम्पति को सुखी दाम्पत्य जीवन की हजारों शुभकामनायें। **–डा. अनिल आर्य**

## श्री कीर्ति शर्मा पुनः प्रधान निर्वाचित

आर्यसमाज करोलबाग (दिल्ली) का चुनाव दिनांक 30.10.2011 को श्री आज्ञाराम लाम्बा जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। निम्न अधिकारी चुने गए:

**प्रधान** : कीर्ति शर्मा, **मंत्री** : विनयव्रत टण्डन, **कोषाध्यक्ष** : हर्ष वर्धन बत्रा